>

Title: Issue regarding illegal mining in Singrauli district, Sidhi, Madhya Pradesh.

**श्री गोविन्द प्रसाद मिश्र (सीधी):** धन्यवाद सभापति जी। मेरे लोकसभा क्षेत्र सीधी के अंतर्गत सिंगरौली जिला आता है। सिंगरौली जिला में कोल इंडिया की एनसीएल कोयला कम्पनी है। कल इलिगल माईनिंग हो रही थी और उसमें दर्जन भर मजदूरों की मृत्यु हो गई। तकरीबन इतने ही लोग इंजर्ड हैं। हमारे क्षेत्र का सिंगरौली जिला कोल माइन्स का एरिया है। वहां दस एलसीएल की खदानें हैं। एसआर को कोयला खदान मिली हुई है, रिलायंस को मिली हुई है और जेपी को मिली हुई है। वहां जीएसआई, सीएमपीडीआई द्वारा पूरे क्षेत्र में कोयला खदान चिन्हित है। दुर्भाग्य यह है कि वहां कोयले का अवैध व्यापार करने वाले लोग उन गरीब मजदूरों से ऐसे जोखिम भरे काम करवाते हैं। इससे उनकी मृत्यु हो गई। मैं आपके माध्यम से कोयला मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि उसकी जांच करवाएं और दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही हो। साथ ही गरीब मृतक मजदूरों के परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाए।